समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# भारत जल्द टेस्ट करेगा K-6 हाइपरसोनिक मिसाइल, ब्रह्मोस से भी तेज और खतरनाक ; चीन-पाकिस्तान की बढ़ेगी टेशंन।

Publisher

Published on 11 Jul 2025




**भारत की एडवांस न्यूक्लियर स्ट्राइक क्षमता को मजबूत करेगी K-6 हाइपरसोनिक मिसाइल, समुद्र से परमाणु हमला करने मे मिलेगी नई ताकत।**

**भारत जल्द करेगा K-6 हाइपरसोनिक मिसाइल का समुद्री परीक्षण, चीन और पाकिस्तान की बढ़ सकती है चिंता।**

भारत अपनी रक्षा क्षमताओं को और मजबूत करने जा रहा है। देश जल्द ही पहली बार **K-6 हाइपरसोनिक सबमरीन-लॉन्च्ड बैलिस्टिक मिसाइल** (**SLBM**) का समुद्री परीक्षण करेगा। यह मिसाइल भारत के **एडवांस्ड नेवल सिस्टम्स लैब** (**ANSL**), **DRDO** द्वारा तैयार की गई है। **रेंज, स्पीड** और **गुप्तता** के मामले में **K-6** अब तक की भारत की सबसे शक्तिशाली मिसाइल होगी।

**S-5 न्यूक्लियर सबमरीन के लिए बनेगी K-6 मिसाइल**

**K-6 मिसाइल** को भारत की आगामी **S-5 क्लास न्यूक्लियर** पनडुब्बियों के लिए तैयार किया गया है। ये **पनडुब्बियां** मौजूदा अरिहंत क्लास पनडुब्बियों से कहीं ज्यादा बड़ी और ताकतवर होंगी। **K-6** के परीक्षण के साथ भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हो जाएगा, जिनके पास समुद्र से परमाणु हमला करने की एडवांस क्षमता है।

**हाइपरसोनिक स्पीड और जबरदस्त रेंज**

**K-6 मिसाइल** की सबसे बड़ी खासियत इसकी हाइपरसोनिक स्पीड है। यह **Mach 7.5 यानी लगभग 9,200 किमी/घंटा** की रफ्तार से दुश्मन पर हमला कर सकती है।

इसकी रेंज करीब **8,000 किलोमीटर** है, जिससे यह दुश्मन देश के गहरे इलाकों में भी मिनटों में हमला कर सकती है। यह भारत

की मौजूदा **K-4 (3,500 किमी) और K-5 (6,000 किमी)** मिसाइलों से कहीं ज्यादा ताकतवर होगी।

### तकनीक : MIRV से लैस सबसे आधुनिक SLBM

**K-6 मे MIRV (Multiple Independently Targetable Re-entry Vehicle)** तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इसकी मदद से एक ही मिसाइल कई लक्ष्यों को अलग-अलग दिशाओं में सटीकता से भेद सकती है।
**K-6** की गुप्त चाल और दिशा बदलने की क्षमता इसे दुश्मन के एंटी-मिसाइल सिस्टम से बचाने में मदद करती है।

तकनीकी विशेषताएं:
१. **लंबाई :** 12 मीटर से अधिक
२. **व्यास :** 2 मीटर से ज्यादा
३. **वॉरहेड :** पारंपरिक और परमाणु दोनों
४. **गति :** Mach 7.5 (हाइपरसोनिक)
५. **रेंज :** 8,000 किमी
६. **क्षमता :** ब्रह्मोस से कई गुना घातक

### भारत शामिल होगा चुनिंदा देशों के एडवांस क्लब मे

दुनिया में अब तक केवल **अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन** जैसे देशों के पास ही इतनी एडवांस **MIRV** युक्त हाइपरसोनिक **SLBM** तकनीक है। अब भारत भी **K-6** मिसाइल के साथ इस तकनीकी क्लब में शामिल हो जाएगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsoever.